**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**25.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1845 बजे**

**''मुख्य समाचार''**

- प्रदेश ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस–मुख्यमंत्री की 25 हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने दिलाई मतदान की शपथ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैजनाथ में किए 70 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास।

**अब समाचार विस्तार से.**

**पूर्ण राज्यत्व**

हिमाचल प्रदेश ने आज अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िले के बैजनाथ में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर घोषणा की कि सरकार जल्द ही राज्य में 25 हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने तत्वानी में गर्म पानी के चश्मों तथा खीर गंगा घाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने और पपरोला–बैजनाथ बाईपास मार्ग पर संसाली–भटवाली में बिनवा नदी पर पुल का निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि राज्य में मौजूदा समय में स्थिति ऐसी है कि पिछले कर्ज़ों के मूलधन और ब्याज को चुकाने के लिए कर्ज़ लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीते दो वर्षों में सरकार ने 30 हज़ार 80 करोड़ रूपये का कर्ज़ लिया जिसमें से 18 हज़ार 8 सौ 54 करोड़ रूपये पिछला कर्ज चुकाने पर खर्च किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय बाधाओं के बावजूद सरकार ने कर्ज़ों पर निर्भरता कम करने के लिए संसाधन सृजन पर ध्यान केन्द्रित किया है और विभिन्न क्षेत्रों में किए गए सुधारों के माध्यम से 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपये का अतिरिक्त राजस्व जुटाया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष चुनौतीपूर्ण है लेकिन राज्य के लोगों के सहयोग और देवी–देवताओं के आर्शीवाद से इन चुनौतियों पर काबू पा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की अपील के बाद प्रदेश में 2 हज़ार लोगों ने स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने दो वर्षों में 42 हज़ार से अधिक नौकरियां दी, इसमें से 12 हज़ार 5 सौ से अधिक नौकरियां सरकारी क्षेत्रों में दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में एक हज़ार 88 कॉंस्टेबलों की भर्ती शुरू हो गई है और 2 हज़ार 61 वन रक्षकों का परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। इसके अलावा जल शक्ति विभाग में भी 3 हज़ार नियुक्तियां की गई हैं।

**पूर्ण राज्यत्व–3**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार डेयरी, प्राकृतिक खेती, कृषि, बागवानी और मत्स्य पालन क्षेत्रों को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के दौरान कर्मचारियों और पैंशनरों को 11 प्रतिशत डीए का भुगतान किया गया। हिमाचल प्रदेश 25 जनवरी 1971 को भारतीय गणराज्य का 18वां राज्य बना था। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हिमाचल के निर्माण में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वाई.एस परमार और प्रदेश की जनता के सहयोग का भी ज़िक्र किया।

## नड्डा/अनुराग

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। दोनों नेताओं ने आज एक बयान में कहा कि भारत की विकास यात्रा में हिमाचल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा ज़िला के अपने शीतकालीन प्रवास के अंतिम दिन आज बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में 70 करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने बाद में बीड़ पैराग्लाईडिंग सेंटर व होटल परिसर का भी उद्‌घाटन किया।

## संदेश

कल 76वां गणतंत्र दिवस है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होगा, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू भी समारोह में मौजूद रहेंगे। ज़िला स्तर पर होने वाले समारोहों में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया कुल्लू, उपाध्यक्ष विनय कुमार लाहौल स्पीति और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ऊना में ध्वजारोहण करेंगे। इसके अलावा कर्नल धनीराम शांडिल मंडी, चंद्र कुमार चंबा, हर्षवर्धन चौहान नाहन, जगत सिंह नेगी किन्नौर, रोहित ठाकुर हमीरपुर, अनिरूद्ध सिंह बिलासपुर, राजेश धर्माणी सोलन और यादविंद्र गोमा कांगड़ा में ध्वजारोहण करेंगे।

इस बीच गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद शाम 7 बजे राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी व अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति के संबोधन के तुरंत बाद आकाशवाणी शिमला से राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश प्रसारित किया जाएगा।

## मतदाता दिवस

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर राज्य स्तरीय समारोह शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्ष राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की। राज्यपाल ने इस मौके पर मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई और चयनित मतदाताओं तथा मतदान के लिए बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और भारत जैसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव करवाने की देश के बाहर भी लोगों ने प्रशंसा की है।

राज्यपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा भांग की खेती को सैद्धांतिक मंजूरी दिए जाने पर कहा कि सरकार को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रदेश में भांग का प्रयोग केवल दवाईयां बनाने में ही हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नशे के बढ़ते चलन के कारण युवा लगातार बर्बाद हो रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार को दवाईयों के सैम्पल फेल होने के लिए जिम्मेवार लोगों को दंडित करना चाहिए।

## '' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना 55वां पूर्ण राज्यत्व दिवस–मुख्यमंत्री की 25 हज़ार नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने दिलाई मतदान की शपथ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश के 76वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद करेंगी राष्ट्र को संबोधित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैजनाथ में किए 70 करोड़ रूपये से अधिक की योजनाओं के उद्‌घाटन व शिलान्यास।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर।**